Public education
**Discover a world of opportunities**

प्री-प्राइमरी

# रीडिंग: घर पर सीखना

## पढ़ने के चरण

जैसे-जैसे आपकी संतान पढ़ना सीखती है, वैसे-वैसे वह अलग-अलग अवस्थाओं से होकर गुजरती है। याद रखें कि बच्चे अलग-अलग तरीकों और अलग-अलग गति से सीखते हैं, इसलिए धैर्य बनाए रखें और हमेशा अपनी संतान के प्रयत्नों को बढ़ावा दें।

**ऐसी चीजें पढ़ें जो आपकी संतान को वास्तव में अच्छी लगती हों ताकि उनमें रीडिंग (पढ़ने) के प्रति लगाव पैदा हो!**

### रोल-प्ले रीडर

जैसे-जैसे आपकी संतान बड़ी होती है और उसका विकास होता है, वैसे-वैसे किताबों और अपने आसपास दिखाई देखे वाले शब्दों में उनकी रुचि पैदा होनी शुरू हो जाती है।

हो सकता है कि वे किताबों को सीधा पकड़कर, पन्नों को ध्यानपूर्वक पलटते हुए और चित्रों का प्रयोग करके और कहानियों को दोबारा सुनाने के लिए अपनी स्मरणशक्ति का प्रयोग करके पढ़ने का बहाना करते हुए आपकी नकल करनी शुरू करें। वे किताब के मुख्य और अंतिम पृष्ठ में अंतर भी सीखते हैं, यह समझते हैं कि शब्द और चित्र अलग-अलग होते हैं, और यह कि मुद्रित शब्दों में संदेश छिपे होते हैं।

आप निम्नलिखित काम करके अपनी संतान की सहायता कर सकते/सकती हैं:

- उनके साथ रोज़ पढ़कर
- पढ़ने का नाटक करने के प्रयास को प्रोत्साहन देकर और इसकी प्रशंसा करके
- उन्हें यह दिखाकर कि चित्र कहानी बताने में मदद करते हैं
- बार-बार उनकी पसंदीदा कहानियाँ पढ़कर – परिचय आत्म-विश्वास जगाता है
- जब वे गलतियाँ करें तो उनकी आलोचना न करके – पढ़ना सीखने में समय लगता है!

### प्रायोगिक पाठक

इस अवस्था के दौरान, आपकी संतान अक्सर चित्रों को देखकर और कहानी के बारे में अपनी स्मरण-शक्ति का प्रयोग करके पढ़ती है। वह कुछ शब्दों की पहचान भी करती है, परन्तु उनका ध्यान विषय वस्तु के अर्थ पर होता है न कि प्रत्येक शब्द को ठीक से पढ़ने पर।

आप निम्नलिखित काम करके अपनी संतान की सहायता कर सकते/सकती हैं:

- उनके साथ रोज़ पढ़कर
- पढ़ने का नाटक करने के प्रयास को प्रोत्साहन देकर और इसकी प्रशंसा करके
- उनके साथ ध्वनियों, शब्दों और किताबों में दिए गए महत्वपूर्ण लेखों और लेबल, शॉपिंग सूचियों और समाचार-पत्रों जैसे अन्य विषय वाक्यों के बारे में बात करके
- उनके साथ किताबों के किरदारों और कथानकों के बारे में बात करके
- उन्हें इस बात के लिए प्रोत्साहित करके कि वे कहानी में आगे घटित होनी वाली घटना के बारे में अपनी राय दें
- उनकी पसंदीदा कहानियाँ बार-बार पढ़ना जारी रखकर।

**टेलीविज़न बंद कर दें। अगर कोई रोक-टोक न हो तो आपकी संतान के लिए ध्यान लगाना अधिक आसान होता है।**

Department of
**Education**

**आपको और अधिक जानकारी education.wa.edu.au पर होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।**

© Department of Education, Western Australia, 2015